थापर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रोट्रैक्ट क्लब द्वारा ज़रुरतमंदो की मदद के लिए रक्तदान शिविर लगाना सराहनीय पहल : डॉ.मीनाक्षी राणा , डॉ.सुमित चंडोक

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

पटियाला केसरी

Page No. 03 Dated 18-04-2026

थापर इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के रोट्रैक्ट क्लब द्वारा जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान शिविर लगाना सराहनीय पहल : डॉ. मीनाक्षी राणा, डॉ. सुमित चंडोक

पटियाला, 17 अप्रैल (बलजिन्द्र): थापर इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के रोट्रैक्ट क्लब द्वारा ब्लड बैंकों में खून की भारी कमी को देखते हुए जिला सांझ केंद्र पटियाला पुलिस और यूथ फैडरेशन ऑफ इंडिया, पावर हाऊस यूथ क्लब, युवक सेवाएं क्लब दीप नगर के स्वयंसेवकों के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

इसमें मुख्यातिथि के रूप में डॉ. मीनाक्षी राणा, डीन स्टूडैंट अफेयर्स, थापर इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी ने भाग लिया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुमित चंडोक, असिस्टैंट डीन स्टूडैंट अफेयर्स ने की।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. नवदीप ढिल्लों और डॉ. दीप मान ने किया। इस अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब के अध्यक्ष रीदम घई और अरमान मलिक ने सभी आए हुए मेहमानों और रक्तदाताओं का स्वागत किया। विशेष रूप से सुखजिंदर सिंह (जिला इंचार्ज, जिला सांझ केंद्र पटियाला पुलिस), स्टेट अवार्डी परमिंदर भलवान (सदस्य, नशा मुक्त भारत अभियान और जिला सांझ केंद्र), गवर्नर अवार्डी जतविंदर ग्रेवाल (सदस्य, नशा मुक्त भारत अभियान), रोटेरियन राहुल सिंगला, डॉ. अमृत अरोड़ा (हैल्थ बायोटेक), वरिंदर खरोड़, आर्नव फारुकी, रियाज, सारंग, मुस्कान, आयुष, संकीर्ति मान, रिद्धि, स्नेहा, वामेश, शेखर चौरसिया, केशव, गोरी, अभय कम्बोज, अभय प्रताप सिंह, रिजुल जिंदल, अक्षय कुमार पांडे, अभय सिंह तोमर, गौरव, नीतिका, प्रिया, राघव, अनन्या, सदित, मीनल, हीमाशी, प्रीका, महिमा, सीवाग, करण, युविका, प्रिया आर्या, सुमीदा सहित रोट्रैक्ट क्लब के सभी सदस्य तथा रुद्र प्रताप सिंह (बी.सी.ए. छात्र, सरकारी बिक्रम कॉलेज ऑफ कॉमर्स), उपकार सिंह, तेजिंदर मडोड़, राज कुमार, गुरजीत लक्की हरदासपुर आदि ने भरपूर सहयोग दिया।

रोटरैक्ट क्लब द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर के दौरान डॉ. मीनाक्षी राणा, डॉ. सुमित चंडोक, डॉ. नवदीप ढिल्लों, डॉ. दीप मान, परमिंदर भलवान, जतविंदर ग्रेवाल, रीदम घई और अन्य उपस्थित। (सुखविंदर)

डॉ. मीनाक्षी राणा और डॉ. सुमित चंडोक ने कहा कि युवाओं द्वारा रक्तदान और प्लेटलेट दान करके जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। हर स्वस्थ व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 65 वर्ष के बीच हो, शरीर का वजन 45 किलोग्राम या उससे अधिक हो और हीमोग्लोबिन 12.5 से ऊपर हो, वह व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती, बल्कि शरीर स्वस्थ रहता है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक रक्तदान करके अनमोल जिंदगियां बचाने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर सरकारी राजिंदरा अस्पताल के पी.आर.ओ. सुखविंदर सिंह तथा लाइफ लाइन ब्लड बैंक की ओर से डॉ. अर्शप्रीत कौर और मोटिवेटर सागर अरोड़ा ने रक्त एकत्र किया।